Strictly According to Blueprint & Syllabus of

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

## प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा - 2027

## कक्षा- 8

## विषय – हिंदी

## नमूना प्रश्न पत्र

**समय : 2:30 घंटे** **पूर्णांक - 80**

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्र.क्र. 1 से 8)

**नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -** **8 X 1 = 8**

प्रश्न- 1. 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के अनुसार आज के जमाने में कौन से लोग फल-फूल रहे हैं? ( )

(अ) झूठे और फरेबी लोग (ब) भोले भाले लोग (स) ईमानदार लोग (द) मेहनती लोग

प्रश्न- 2. 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के अनुसार बदलू लेखक को खाने के लिए क्या देता था ? ( )

(अ) जामुन (ब) आम (स) बेर (द) अमरुद

प्रश्न- 3.'भगवान के डाकिए' पाठ के अनुसार एक देश की धरती दूसरे देश को भेजती है ( )

(अ) कल (ब) फूल (स) सुगंध (द) दुर्गंध

प्रश्न- 4."कै पग में पनही न हती" 'सुदामा चरित' पाठ के अनुसार रेखांकित शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है?

(अ) लकड़ी (ब) जूता (स) चावल (द) छुपाना ( )

प्रश्न- 5."इसलिए उसे खरीदने का हक मेरा है।" 'अकबरी लोटा' पाठ में अंग्रेज अफसर ने लोटा खरीदने के लिए ऐसा क्यों कहा? ( )

(अ) क्योंकि वह लोटा खरीदना नहीं चाहता था। (ब) लोटा उसके पैर पर गिरा था। (स) वह लोटा बेचना चाहता था। (द) वह बिलवासी जी को नीचा दिखाना चाहता था।

© 2027 schorbit.com - Upper Primary Education Hub. All Rights Reserved.

प्रश्न- 6.'पुस्तक' शब्द में बहुवचन का प्रयोग करने पर शब्द बनेगा ( )

(अ) पुस्तकें (ब) पुस्तक (स) पुस्तकं (द) पुस्तौ

प्रश्न- 7. 'आवट' प्रत्यय से बना शब्द है- ( )

(अ) अनागत (ब) मनभावन (स) सजावट (द) सरसराहट

प्रश्न- 8. "स्वच्छंद लुटाकर प्यार चले" 'दीवानों की हस्ती' पाठ के अनुसार कवि ने दीवानों के लिए ऐसा क्यों कहा? ( )

(अ) अपनी इच्छानुसार चलने वाले (ब) दूसरों के अनुसार चलने वाले

(स) दूसरों की बातों में आने वाले (द) एक जगह रुकने वाले

## खण्ड ब

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (प्र.क्र. 9 से 14)

प्रश्न- 9. 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के अनुसार मनुष्य को जिस कार्य में लगाया जाता है, उस कार्य में वे अपने लक्ष्य को क्यों भूल जाते हैं? 2

उत्तर

प्रश्न-10. साँप को ऐसा क्यों लगा कि अब बाज से डरना बेकार है 'बाज और साँप' पाठ के अनुसार लिखिए। 2

उत्तर

प्रश्न- 11. कबीर ने साधु से ज्ञान की बात पूछने के लिए क्यों कहा है? 2

उत्तर

© 2027 schorbit.com - Upper Primary Education Hub. All Rights Reserved.

प्रश्न- 12."तैरै लाल मेरौ माखन खायौ " 'सूरदास के पद' पाठ के अनुसार गोपी ने यशोदा को ऐसा उलाहना क्यों दिया ? 2

उत्तर

______________________________________________

______________________________________________

प्रश्न- 13. निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द का प्रयोग कीजिए- 1 + 1 = 2

(i) अध्यापन कार्य कराने वाला ______________________

(ii) चूड़ियाँ बनाने वाला ______________________

प्रश्न- 14. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- 4 x ½ = 2

(i) पृथ्वी

उत्तर- (i)______________ (ii)______________

(ii) शरीर

उत्तर- (i)______________ (ii)______________

## खण्ड स

## लघूत्तरात्मक प्रश्न (प्र.क्र. 15 से 22)

प्रश्न- 15. 'अकबरी लोटा' पाठ के अनुसार लाला झाऊलाल ने अपनी पत्नी को रुपये देने के लिए समय क्यों माँगा ? 4

उत्तर

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

© 2027 schorbit.com - Upper Primary Education Hub. All Rights Reserved.

प्रश्न- 16. "बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी" 'बस की यात्रा' पाठ के अनुसार लेखक के मन में ऐसा क्यों आया ? तर्क सहित अपने शब्दों में उत्तर दीजिए। 4

उत्तर

प्रश्न-17. सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 4

*नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं !*
*अभी भी दबा है चिड़िया की*
*चोंच में तिनका*
*और वह उड़ने की तैयारी में है !*

उत्तर

प्रश्न-18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए- (4 x 1=4)

(i) आँखों से ओझल होना = ____________________

वाक्य प्रयोग = ____________________

(ii) घुटने टेकना = ____________________

वाक्य प्रयोग = ____________________

© 2027 schorbit.com - Upper Primary Education Hub. All Rights Reserved.

प्रश्न-19. सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना के कोई चार महत्त्व लिखिए। (4 x 1=4)

उत्तर

(i)

---

(ii)

---

(iii)

---

(iv)

---

प्रश्न-20.शौचालय का उपयोग पर्यावरण के लिए बहुत अधिक महत्त्वपूर्ण है । इस कथन पर अपने विचार लिखिए । 4

उत्तर

---

---

---

प्रश्न-21. नीचे दिए गए कोष्ठक में से उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (6 x 1=6)

**(कर, दिसि, उल्लास, गारी, बस, आलम)**

(1) मस्ती का ____________________ साथ चला।

(2) आवत ____________________ एक है।

(3) माला तो ____________________ में फिरे ।

(4) आए बनकर ____________________ अभी ।

(5) मनुवाँ तो दहुँ ____________________ फिरै ।

(6) चलना है ____________________ इसलिए चले।

© 2027 schorbit.com - Upper Primary Education Hub. All Rights Reserved.

प्रश्न-22. निम्नलिखित शब्दों को उनके अर्थ से मिलान कीजिए- (6 x 1=6)

| स्तम्भ 'क' | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|
| (1) भुइँ | (क) पिछली |
| (2) पठवनि | (ख) चोटी |
| (3) अभिरामा | (ग) पृथ्वी |
| (4) पाछिली | (घ) घुसकर |
| (5) पैठि | (ङ) भेजना |
| (6) बेनी | (च) सुन्दर |

## खण्ड द
## निबंधात्मक प्रश्न (प्र.क्र. 23 से 25)

**प्रश्न-23. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

भारत के सर्वाधिक गरीब जिलों में से एक है पुडुकोट्टई । पिछले दिनों यहाँ की ग्रामीण महिलाओं ने अपनी स्वाधीनता, आजादी और गतिशीलता को अभिव्यक्त करने के लिए प्रतीक के रूप में साइकिल को चुना है। अगर हम दस वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को अलग कर दें तो इसका अर्थ यह होगा कि यहाँ ग्रामीण महिलाओं के एक चौथाई हिस्से ने साइकिल चलाना सीख लिया है और इन महिलाओं में से सत्तर हजार से भी अधिक महिलाओं ने 'प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता' जैसे- सार्वजनिक कार्यक्रमों में बड़े गर्व के साथ अपने नए कौशल का प्रदर्शन किया और अभी भी उनमें साइकिल चलाने की इच्छा जारी है। वहाँ इसके लिए कई 'प्रशिक्षण शिविर' चल रहे हैं।

i. पुडुकोट्टई की महिलाओं ने साइकिल को किस रूप में चुना ? 1+1+2+2+2=8
उत्तर

---

ii. ग्रामीण महिलाओं में कितने प्रतिशत महिलाएँ साइकिल चलाना जानती हैं ?
उत्तर

---

© 2027 schorbit.com - Upper Primary Education Hub. All Rights Reserved.

iii. पुडुकोट्टई में साइकिल चलाने के प्रशिक्षण शिविर क्यों चल रहे हैं?
उत्तर

______________________________________________

______________________________________________

iv. महिलाओं ने साइकिल चलाने की कला का प्रदर्शन कैसे किया?
उत्तर

______________________________________________

______________________________________________

v. गद्यांश में से निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द चुनकर लिखिए -
उत्तर-
(1) पराधीनता____________________

(2) अनिच्छा____________________

प्रश्न-24. आप रा. उ. मा. वि. बीकानेर की विद्यार्थी अरीजीत / मनस्वी हैं । अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करवाने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए । 8

**अथवा**

अपने मित्र देवराज को 'हिंदी दिवस' पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम आने एवं राज्य स्तर पर चयन होने पर बधाई पत्र लिखिए।

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

© 2027 schorbit.com - Upper Primary Education Hub. All Rights Reserved.

प्रश्न-25. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- 8

(i) योग दिवस (ii) किसी मेले का दृश्य

**अथवा**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर कहानी लिखिए -

(i) संगठन में शक्ति है (ii) हाथी और शेर

उत्तर

© 2027 schorbit.com - Upper Primary Education Hub. All Rights Reserved.